Publication: Rashtra Prakash
Date: 05.09.2015
Page:11
Headline:S.F.S Junior College wins TCS IT Wiz Quiz

SFS स्कूल ने जीती TCS आईटी क्विज

नागपुर, राप्र संवादक

टाटा कन्सल्टन्सी सर्विसेस (टीसीएस) की अग्रणी आईटी सेवा, कन्सल्टिंग एवं कारोबार के संदर्भ में हल ढूंढने वाली कंपनी टीसीएस आईटी विज के भारत की सबसे बड़ी अंतरस्कूलीय प्रश्न मंजुषा स्पर्धा में समेत नागपुर जिले समेत शहर की करीब 200 स्कूलों के छात्रों ने इसमें हिस्सा लिया था. शुक्रवार 4 सितंबर को सिविल लाइन्स स्थित डॉ. वसंतराव देशपांडे सभागृह में यह नि:शुल्क स्पर्धा कक्षा 8वीं से 12वीं की छात्रों के लिए थी.

स्पर्धकों ने प्रादेशिक फाइनल राउंड के 5 फेरियों में पूछे सवालों के अचूक जवाब वाले एसएफएस स्कूल के छात्र राहुल भगत एवं उदित परमार ने दिए. जबकि सेकंड रनरअप सेंटर प्वाइंट स्कूल के संचित खेड़कर एवं अर्चित थे. विजेताओं को खास डिजाइन की गई ट्राफी और मेडल समेत आईपैड मिनी प्रदान किया गया. प्राथमिक लिखित राउंड के बाद प्रादेशिक अंतिम राउंड में प्रवेश हासिल करनेवाले छह स्पर्धकों को टीसीएस की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए. स्पर्धकों एवं विजेताओं को टीसीएस के इंटर्नल आईटी एंड शेअर्ड सर्विसेस विभाग के उपाध्यक्ष एवं ग्लोबल हेड आलोक कुमार के हाथों पुरस्कार प्रदान किए गए. विजेता एसएफएस स्कूल की टीम मुंबई में होने वाली राष्ट्रीय फाइनल राउंड के लिए नागपुर शहर का प्रतिनिधित्व करेगी.